# अब दंगे नहीं, उद्योग के लिए जाना जाता है यूपी : योगी

## सीएम ने गोरखपुर में दुग्ध उत्पाद परियोजना का किया उद्घाटन

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कहा कि छह वर्ष पहले उत्तर प्रदेश में दंगे होते थे। अराजकता चरम पर थी। कानून-व्यवस्था की स्थिति बदतर थी। ऐसी स्थिति में निवेशक प्रदेश में निवेश के लिए तैयार नहीं होते थे। हमारी सरकार ने सबसे पहले कानून-व्यवस्था को बेहतर किया। अब यूपी उद्योग के लिए पहचाना जाता है।

सीएम योगी सोमवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के सेक्टर-26 में 114 करोड़ रुपये से 20,067 वर्गमीटर में निर्मित विस्तृत दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद परियोजना का उद्घाटन करने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को नौकरी की तलाश में देश के अन्य राज्यों में नहीं भटकना पड़ेगा। वे अपनी ऊर्जा और प्रतिभा को जब प्रदेश के विकास के साथ जोड़कर कार्य करेंगे तो यूपी को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने से कोई रोक नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि इस डेयरी को पांच लाख लीटर दूध की आवश्यकता पड़ेगी। इतने दूध की आपूर्ति का मतलब है कि एक लाख परिवारों को अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ने का अवसर मिलेगा।



गोरखपुर में सीएम योगी ने ज्ञान डेयरी दुग्ध प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किया। अमर उजाला

### भदंत शांति मित्र को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने बौद्ध विहार शांति उपवन में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के अध्यक्ष भदंत शांति मित्र को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने चरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजनों के साथ उनके अनुयायियों को दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। ब्यूरो